## 1 जुलाई से बदल जाएगा सीए का सिलेबस

**पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे इस बदलाव की घोषणा**



नई दिल्ली (आरएनएस)। एक जुलाई 2017 से देश में जीएसटी लागू हो रहा है। जीएसटी लागू होने के बाद देश में लगने वाले टैक्सों में बदलाव होगा। इसी को देखते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) के सिलेबस में भी बदलाव किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी एक जुलाई को चार्टर्ड अकाउंटेंसी के बदले हुए सिलेबस की घोषणा करेंगे। इसकी पुष्टि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के पूर्व अध्यक्ष जी रामास्वामी ने की। रामास्वामी ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में सीए करने वाले छात्रों की संख्या में इजाफा होगा। रामास्वामी के मुताबिक देश में 2 लाख सीए हैं। इनके अलावा अभी एक लाख सीए की और मांग है। आईसीएआई परिषद के सदस्य सुप्रिया कुमार ने कहा कि सीए के सिलेबस की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी और सभी स्तरों पर बदलाव किए जाएंगे। सिलेबस अलग अलग भागों में बांटा जाएगा ताकि छात्रों को इसे समझने में दिक्कत न हो। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एकाउंटेंट्स के अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मानकों के अनुसार सिलेबस में बदलाव किए गए हैं। आईसीएआई सीए की प्रवेश परीक्षा 2 से 16 नवंबर 2017 तक पूरे भारत के 172 शहरों आयोजित करेगी। इसके अलावा विदेशों में चार शहरों में आयोजित की जाएगी। इनमें अबू धाबी, दुबई, काठमांडू और मस्कट शामिल हैं। गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) की दरों को वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा तय कर दिया गया है। हेल्थकेयर और शिक्षा को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। वहीं बाकी सेवाओं के लिए 5, 12, 18 और 28 फीसदी की दर तय की गई हैं। ट्रांसपोर्ट की सेवा पर पांच प्रतिशत टैक्स तय किया गया है। रेस्टोरेंट जिनका टर्नओवर पचास लाख रुपये या फिर उससे नीचे है। उनको भी पांच प्रतिशत टैक्स स्लेब में रखा गया है। वहीं नॉन एसी रेस्टोरेंट को 12 प्रतिशत के स्लैब में रखा गया है। जिस एसी रेस्टोरेंट ने दारू का लाइसेंस ले रखा होगा उसको 18 प्रतिशत के स्लैब में रखा गया है। फाइव स्टार होटल 28 प्रतिशत वाली स्लैब में आएंगे। जिन होटलों का किराया एक हजार रुपये तक है वह 12 प्रतिशत वाले स्लैब में आएंगे। वित्तीय सेवाओं पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा जबकि सिनेमा हॉल, जुआ घरों और घुड़ दौड़ पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जायेगा।

# एक सिद्धांत पर नहीं टिकने वाले हैं नीतीश: कांग्रेस

**0-बिहार में महागठबंधन पर ग्रहण?**

नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार के महागठबंधन में टूट पड़ चुकी है और इसके संकेत साफ दिखने लगे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रपति चुनाव में बीजेपी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद का समर्थन करने पर कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने पलटवार किया है। आजाद ने सोमवार को कहा कि बिहार की बेटी की हार पर सबसे पहला निर्णय नीतीश कुमार ने लिया है। आजाद ने कहा कि जो लोग एक सिद्धांत में विश्वास करते हैं, वो एक फैसला लेते हैं और जो लोग कई सिद्धांतों में विश्वास करते हैं, वो अलग-अलग फैसले लेते हैं। बिहार की बेटी हारने के लिए? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार पहले व्यक्ति थे जिन्होंने बिहार की दलित बेटी की हार पर पहला फैसला लिया, हमने नहीं। बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि उनकी पार्टी अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है, साथ ही उन्होंने बिहार की बेटी मीरा कुमार को विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के फैसले की भी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि क्या बिहार की बेटी को हारने के लिए चुना गया है? बिहार के राज्यपाल रामनाथ कोविंद देश के 14वें राष्ट्रपति के लिए बतौर उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. बीजेपी ने कोविंद को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है। नीतीश कुमार ने विपक्ष के रूख को हारने की रणनीति करार देते हुए 2019 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए बेहतर रणनीति की जरूरत बताया था। इस बीच एनडीए उम्मीदवार कोविंद चुनाव प्रचार के लिए 28 जून को श्रीनगर जाएंगे और बीजेपी की सहयोगी पार्टी पीपुल्स डेमोक्रेटिक एलायंस से अपने लिए समर्थन मांगेंगे। कोविंद के साथ केंद्रीय मंत्री वेंकैया नायडू, जितेंद्र सिंह और भारतीय जनता पार्टी के महासचिव और जम्मू-कश्मीर के प्रभारी राम माधव भी होंगे। योगी से मिलकर मांगा समर्थन रविवार को कोविंद ने उत्तर प्रदेश का दौरा किया और लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपने लिए समर्थन मांगा। राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 28 जून तक चलेगी। देश के अगले राष्ट्रपति के लिए 17 जुलाई को चुनाव होंगे। मौजूदा राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है

## जीएसटी से उलझन में हैं घर खरीदार और बिल्डर्स

नई दिल्ली (आरएनएस)। जीएसटी एक जुलाई से देश भर में लागू होने जा रहा है। सरकार का कहना है कि जी.एस.टी. लागू होने का फायदा कारोबारी, निवेशक से लेकर आम आदमी तक को मिलेगा। इसमे कि होम बायर्स से लेकर डेवलपर्स तक में इसको लेकर उलझन बढ़ गई है। ऐसा जी.एस.टी. में ओवरऑल प्रॉपर्टी पर 12 फीसदी की दर से टैक्स तय करने के कारण हुआ है। सरकार का कहना है कि जी.एस.टी. लागू होने से रियल्टी सेक्टर पर टैक्स का बोझ कम होगा जिसका फायदा होम बायर्स को मिलेगा। वहीं, डेवलपर्स का कहना है कि जी.एस.टी. लागू होने से टैक्स का बोझ कम नहीं बल्कि बढ़ेगा, जिससे प्रॉपर्टी की कीमतें बढेगी। फलस्वरूप कीमत में इजाफा की भरपाई होम बायर्स से की जाएगी।सरकार का कहना है कि जी.एस.टी. में प्रॉपर्टी बाजार पर सिर्फ 12 फीसदी की दर से टैक्स लगाया गया है। जी.एस.टी. लागू होने पर इस सेक्टर पर न सिर्फ टैक्स का बोझ घटेगा बल्कि इनपुट क्रेडिट का लाभ मिलेगा। ऐसे में डेवलपर्स टैक्स छूट से होने वाले लाभ को घर खरीदारों तक पहुंचाए। अगर किसी 2बी.एच.के. फ्लैट की लागत 60 लाख रुपए है तो उसमें करीब 20 लाख रुपए का सीमेंट और सरिया लगता है। इन पर 12 फीसदी की दर से एक्साइज ड्यूटी देता होता है। यानी, 2.4 लाख रुपए का टैक्स जाता है। जी.एस.टी. लागू होने पर यह टैक्स इनपुट क्रेडिट के तौर पर डवलपर्स को मिल जाएगा। यानी, इतनी रकम की बचत एक फ्लैट के कंस्ट्रक्शन पर होगी। डवलपर्स इस बचत को होम बायर्स को पास-ऑन आसानी से कर सकता है। इससे घर की कीमत कम करने में मदद मिलेगी, जिसका फायदा हर घर खरीदार को मिलेगा।

## 10 दिन में कितना सस्ता हुआ पैट्रोल और डीजल?

नई दिल्ली (आरएनएस)। 16 जून से शुरू हुई तेल की कीमतों की रोजाना समीक्षा के बाद पैट्रोल की कीमतों में 1.77 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमतों में 88 पैसे की कटौती हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने हर महीने की पहली और 16 तारीख को कीमत समीक्षा की 15 साल पुरानी व्यवस्था को समाप्त किया है। पैट्रोल और डीजल की कीमतों में 16 जून से हर दिन सुबह छह बजे समीक्षा की जाती है। पिछले कुछ दिनों से इसका लाभ आम लोगों को मिला है। तेल कंपनियों के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार दिल्ली में 16 जून को पैट्रोल की कीमत 65.48 रुपए प्रति लीटर थी, जो आज 63.71 रुपए लीटर पहुंच गई है। इसी प्रकार डीजल का दाम 16 जून को 54.49 रुपए लीटर था। जो अब घटकर 53.61 रुपए लीटर पर आ गया है। एक तेल कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम में नरमी का लाभ ग्राहकों को केवल पखवाड़े बाद ही मिलता था। लेकिन यह अब तत्काल मिल रहा है। सरकार ने पैट्रोल और डीजल को नियंत्रण मुक्त कर 1 अप्रैल 2002 से हर पखवाड़े कीमत की समीक्षा की व्यवस्था शुरू की थी। अधिकारी ने कहा कि कई बार ऐसा होता था कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की दरों में एक सप्ताह पहले िगरावट होती थी और एक हफ्ते बाद उसमें वृद्धि हो जाती थी। ऐसे में पिछली पॉलिसी के मुताबिक तेल की कीमत या तो स्थिर रहती या उसमें मामूली बदलाव होता, लेकिन अब कीमतों में गिरावट का लाभ तुरंत ग्राहकों को दिया जा रहा है। दूसरी तरफ अगर कीमतें बढ़ेंगी तो भी वृद्धि भी तुरंत लागू होगी।

## 13 सैटेलाइट्स से पाक-चीन पर पैनी नजर

**0-सर्जिकल स्ट्राइक जैसे ऑपरेशन में मददगार**
**00-सेना की बढ़ी ताकत**

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पीएसएलवी-सी38 रॉकेट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से पृथ्वी सर्वेक्षण उपग्रह कार्टोसैट-2 श्रेणी का उपग्रह आई इन द स्काई को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। कार्टोसैट-2 उपग्रह चीन और पाक सीमा पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा और इससे भारत की सैन्य शक्ति में इजाफा हुआ है। इस उपग्रह के अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित होने के बाद भारत के निगरानी सैटेलाइट्स की संख्या अब 13 हो गई है, जो निगरानी के साथ साथ सीमावर्ती इलाकों की मैपिंग करते हैं। जल और थल दोनों जगहों पर ये सैटेलाइट्स कारगर हैं। इसरो के सूत्रों के अनुसार, कार्टोसैट-2 श्रंखला के पिछले उपग्रह की विभेदन क्षमता 0.8 मीटर की थी और इससे ली गई तस्वीरों ने पिछले साल नियंत्रण रेखा के पार सात आतंकी ठिकानों पर सजर्किल हमले करने में भारत की मदद की थी। हालिया रिमोट सेंसिंग उपग्रह की विभेदन क्षमता 0.6 मीटर है। इसका अर्थ यह है कि यह पहले से भी छोटी चीजों की तस्वीरें ले सकता है। इसरो के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, यह 0.6 मीटर की लंबाई और 0.6 मीटर की चौड़ाई वाले वर्ग के बीच मौजूद चीजों को चिन्हित कर सकता है। अधिकारी ने कहा कि रक्षा निरीक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसका इस्तेमाल आतंकी शिविरों और बंकरों आदि की पहचान के लिए किया जा सकता है। सेना निगरानी के लिए 13 सैटलाइट्स में कार्टोसैट-1 और 2 सीरीज और रिसैट-1 और रिसैट-2 का इस्तेमाल करती है। सूत्रों के अनुसार भारतीय नौसेना युद्धक पोत, पनडुब्बी, एयरक्राफ्ट और लैंड सिस्टम्स में रियल टाइम टेलिकम्युनिकेशन के लिए जीसैट-7 सैटेलाइट का इस्तेमाल करती है। भारत एंटी सैटेलाइट वेपन भी लांच करने की क्षमता रखता है, जो दुश्मनों के सैटेलाइट को नष्ट कर सकती है। केवल अमेरिका, रूस और चीन के पास इस तरह के हथियार हैं।

## सरकार ने ई-कॉमर्स के लिए टीडीएस व टीसीएस टाला

नई दिल्ली (आरएनएस)। जी.एस.टी. के तहत सप्लायर्स को पेमेंट करने पर ई-कॉमर्स कंपनियों को 1 फीसदी टी.सी.एस. नहीं लेना होगा क्योंकि सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए टी.डी.एस. (टैक्स डिडक्शन एट सोर्स) और टी.सी.एस. (टैक्स कलेक्शन एट सोर्स) के प्रावधानों को टाल दिया है। साथ ही सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर प्रोडक्ट बेचने वाले छोटे कारोबारियों को जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन से भी छूट दे दी है। सप्लायर को पेमेंट करते समय ई-कॉमर्स कंपनियों को अब 1 फीसदी टी.सी.एस. लेने की जरूरत नहीं होगी। जी.एस.टी. के शुरूआती समय में परेशानी न आए इसलिए सरकार ने टी.सी.एस. टाल दिया है। 2.5 लाख रुपए से अधिक के गुड्स और सर्विस सप्लायर पर 1 फीसदी टी.डी.एस. लगेगा।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

1. निम्नलिखित पर विचार कीजिए : 1 कार्बन डाई आक्साइड 2 नाईट्रोजन के आक्साइड 3 सल्फर के आक्साइड - उपरोक्त में से कौन सा / से उत्सर्जन उष्मीय शक्ति संयंत्रो में कोयला दहन से उत्सर्जित होता है / होते हैं
अ केवल 1
ब 2 और 3
स 1 और 3
द 1 2 और 3
**उत्तर द**

2 आर्थिक क्रियाकलापों के संदर्भ में XIX राष्ट्रमंडल खेलों को देखने के लिए विदेशी नागरिको का भारत में आगमन -
अ निर्यात था
ब आयात था
स उत्पादन था
द उपभोग था।
**उत्तर अ**

3 बंद अर्थ व्यवस्था वह अर्थ व्यवस्था है जिसमें -
अ मुद्रापूर्ति पूर्णतः नियंत्रित होती है ।
ब घाटे की वित्त व्यवस्था होती है।
स केवल निर्यात होता है।
द ना तो निर्यात ना ही आयात होता है।
**उत्तर द**

4 दो महत्वपूर्ण नदियाँ - जिनमें से एक का स्त्रोत झारखंड में है, और जो उड़िसा में दूसरे नाम से जानी जाती है तथा दूसरी जिसका स्त्रोत उड़िसा में है - समुद्र में प्रवाह करने से पूर्व एक ऐसे स्थान पर संगम करती है, जो बंगाल की खाड़ी से कुछ ही दूर है। यह वन्य जीवन तथा जैव विविधता का प्रमुख स्थल है और सुरक्षित क्षेत्र है निर्मलिखित में वह स्थल कौन सा है -
अ भतर कनिका
ब चॉदीपुर - ऑन सी
स गोपालपुर - ऑन सी
द सिमलीपाल
**उत्तर अ**

5 जब किसी वृक्ष की छाल वृक्ष के आधार के पास से गालाकार चारो तरफ से हटा दी जाती है तो यह वृक्ष धीरे-धीरे सूखकर मर जाता है क्योकि -
अ मृदा से जल वायु अंगों में नही पहुँच पाता
ब जड़े उर्जा से वंचित रह जाती है
स वृक्ष मृदा जीवाणुओं से संक्रमित हो जाता है
द जड़ो को श्वसन हेतु आक्सीजन नहीं प्राप्त हो पाती।
**उत्तर ब**

6 कार्लमाक्स् ने वर्ग संघर्ष की प्रक्रिया को निम्नलिखित में से किस सिद्धांत की मदद से समझाया है -
अ आनुभविक उदारवाद
ब अस्तित्ववाद
स डार्विन का विकासवाद
द द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद
**उत्तर द**

7 पृथ्वी के वायुमंडल में आयान मंडल कहलाने वाली परत रेडियों संचार को सुसाध्य बनाती है क्यों?
1 ओजोन की उपस्थिति रेडियो तरंगों को पृथ्वी की ओर परावर्तित करती है।
2 रेडियो तरंगों की तरंगदैर्ध्य अति दीर्घ होती है।
उपरोक्त में कौन सा / कथन सही हैं ?
अ केवल 1
ब केवल 2
स 1 और 2
द ना तो 1 ना ही 2
**उत्तर ब**

8 बैगन की अनुवांशिक अभियांत्रिकी से उसके एक नई किस्म Bt बैगन विकसित की गई है - इसका लक्ष्य -
अ इसे नाशक जीव-सह बनाना है।
ब इसे अधिक स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाना है।
स इसे जलाभाव सह बनाना है
द इसकी निधानी आयु बढाना है ।
**उत्तर अ**

9 एक नाभिकीय रियेक्टर में भारी जल का क्या कार्य होता है?
अ न्यूट्रान की गति को कम करना
ब न्यूट्रान की गति को बढाना
स रियेक्टर को ठंडा करना
द नाभिकीय क्रिया को रोकना
**उत्तर अ**

10 भारत की संचित निधि से निधि निकालने के लिए निम्नलिखित मे से किसका अनुमोदन अनिवार्य है -
अ भारत के राष्ट्रपति
ब भारत की संसद
स भारत के प्रधानमंत्री
द संघीय वित्त मंत्री
**उत्तर ब**

11 करो और सरकारी कामकाज के निर्वाह में हुई अन्य प्राप्तियों से संघी सरकार को प्राप्त हुआ समूचा राजस्व जमा होता है -
अ भारत की आकस्मिकता निधि से
ब लोक लेखे में
स भारत की संचित निधि में
द निक्षेप तथा अग्रिम निधि से
**उत्तर स**

12 निम्नलिखित में से कौन महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने का प्राप्त है -
अ केवल अनु0जाति एवं अनु0 जन0जा0 के परिवारों के वयस्क सदस्यों को
ब गरीबी रेखा से नीचे के वयस्क सदस्यों को
स सभी पिछड़े समदायों के परिवारों के सदस्यों को
द किसी भी परिवार के वयस्क सदस्यों को
**उत्तर ब**

13 यदि वार्षिक संघीय बजट लोक-सभा द्वारा पारित नहीं होता तो -
अ बजट में संशोघन कर वह दोबारा पेश किया जाता है
ब सुझाव हेतु बजट राज्य सभा को भेज दिया जाता है
स संघी वित्तमंत्री से त्यागपत्र देने को कहा जाता है
द प्रधानमंत्री अपने मंत्रीपरिषद का त्यागपत्र पेश कर देता है।
**उत्तर द**

14 भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा मूल कर्तव्य नहीं है -
अ लोक चुनाव में मतदान करना
ब वैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित करना
स सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा करना
द संविधान के प्रति निष्ठावान रहना और उसके आदर्शो का सम्मान करना
**उत्तर अ**

15 निम्नलिखित पर विचार कीजिए -
1 शिक्षा का अधिकार
2 समानतरा के साथ सार्वजनिक सेवा प्राप्त करने का अधिकार
3 भोजन का अधिकार
मानव अधिकारों की व्यापक उद्घोषणा के अंतर्गत उपरोक्त में से कौन सा / से अधिकार मानव अधिकार / अधिकारों में आता है / आते हैं -
अ केवल 1
ब 1 और 2
स केवल 3
द 1 , 2 और 3
**उत्तर द**

16 कड़े जाड़े में झील की सतह हिमशीतित हो जाती है, किन्तु उसके तल में जल द्रव अवस्था में बना रहता हैं यह किस कारण से होता है?
अ बर्ष उष्मा की कुचालक है
ब झील की सतह औरा वायु का तापमान एक सा होने के कारण उष्मा की कोई हानि नहीं होती
स जल की सघनता 4 डिग्री सेल्स0 पर अधिकतम होती है
द इस संदर्भ में उपर्युक्त अ ब और स कथनों में से को भी सही नहीं हैं
**उत्तर स**

17 बलुई और लवणीय क्षेत्र एक भारतीय पशु जाति का प्राकृतिय आवास है - उस क्षेत्र में उस पशु के कोई परभक्षी नहीं हैं किन्तु आवास ध्वंस होने के कारण उसका अस्तित्व खतरे में है यह पशु निम्नलिखित में कौन सा हो सकता है -
अ भारतीय वन्य भैंस
ब भारतीय वन्य गधा
स भारतीय वन्य शूकर
द भारतीय गजेल कुरंग
**उत्तर ब**

18 सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के सम्बंध में निनलिखित में से कौन सी एक टिप्पणी सत्य नहीं है -
अ ये आंदोलन अहिंसक था ।
ब इसका नेतृत्व महात्मा गाँधी ने किया था ।
स यह आंदोलन स्वतः प्रवर्तित था ।
द इसने सामान्य श्रमिक वर्ग को आकर्षित नहीं किया था।
**उत्तर अ**

19 सीएफएल तथा एलईडी लैम्प में क्या अंतर है -
अ प्रकाश उत्पन्न करने के लिए सीएफएल पारा वाष्प और सन्दीपक का प्रयोग करता है , जबकि एलईडी लैम्प अर्धचाालक पदार्थो का प्रयोग करता है।
ब सीएफएल की औसत जीवन अवधि एलईडी लैम्प से बहुत अधिक होती है।
स एलईडी लैम्प की तुलना में सीएफएल कम उर्जा सक्षम है
द उपरोक्त में कौन सा कथन सही है -
अ केवल 1
ब 2 और 3
स 1 और 3
द 1 , 2 और 3
**उत्तर स**

20 एक विवाहित दम्पति ने एक बालक को गोद लिया इसके कुछ वर्ष उपरोत उन्हे जुड़वा पुत्र हुए - दम्पति ने एक का रक्त वर्ग एबीपोजिटिव है और दूसरे का ओ नेगेक्टिव है तीनों पुत्र में से एक का रक्त वर्ग ए पोजिटिव देसरे का बी पोजिटिव और तीसरे का ओ पोजिटिव है , गोद लिए पुत्र को रक्त वर्ग कौन सा है -
अ ओ पोजिटिव
ब ए पोजिटिव
स बी पोजिटिव
द उपलब्ध जानकारी के आधार पर कहा नहीं जा सकता।
**उत्तर अ**

21 भारतीय स्वतंत्रता ओदोलन के सम्बंध में उषा मेहता की ख्याति है -
अ भारत छोड़ो आंदोलन की बेला में गुप्त कांग्रेस रेडियो चलाने हेतु
ब द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में सहभागिता हेतु
स आजाद हिंद फौज की एक टुकड़ी का नेतृत्व करने हेतु
द पं0 जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार के गठन में सहायक भूमिका निभाने हेतु ।
**उत्तर अ**

## सीवीसी कर सकेगा मामलों की जांच

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेंट्रल विजिलैंस कमीशन (सी.वी.सी.) अब प्राइवेट सेक्टर के बैंकों में और उनके कर्मचारियों के खिलाफ करप्शन के आरोपों की जांच कर सकता है। विजिलैंस कमिशनर टी एम भसीन ने बताया कि आर.बी.आई. ने इस संबंध में मंजूरी दे दी है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के बीते साल के उस फैसले के क्रम में आया है, जिसमें कहा गया था कि मामला प्रिवेंशन ऑफ करप्शन (पीसी) एक्ट, 1988 के अंतर्गत आए तो एक प्राइवेट बैंक के चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों को भी पब्लिक सर्वेंट्स के तौर पर देखा जा सकता है। एंटी करप्शन वाचडॉग एक संवैधानिक संस्था है, जो केंद्र सरकार के विभागों, पब्लिक सेक्टर के संगठनों (बैंकों और बीमा कंपनियों सहित) और उनके कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की की जांच करता है।

## एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

0-खाइं मे गिरी जीप

शिमला (आरएनएस)। शिमला जिले में नेरवा के पास सोमवार को एक जीप के खाई में गिरने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई. हादसे में पांच लोग घायल भी हुए हैं. खाई लगभग 200 मीटर गहरी थी. पुलिस ने बताया कि वाहन पर सवार सभी लोग सिरमौर जिले के चर्चित चुरधार मंदिर में दर्शन के बाद लौट रहे थे. गुम्मा के पास तीखे मोड़ से गुजरते वक्त वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा।